क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल मध्य प्रदेश
Regional Institute of Education, Bhopal
पुस्तकालय
Library

# अध्याय–चतुर्थ

# प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या

# अध्याय–चतुर्थ

## प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या

प्रस्तुत अध्याय में उचित सांख्यिकी विधियों का उपयोग करके प्राप्त प्रदत्तों का विश्लेषण किया गया है। इस शोध अध्ययन में कुल सात परिकल्पनायें रखी गयी है जिसका परीक्षण करके शोध समस्या के अध्ययन से संबधीत परिणामो की व्याख्या की गयी है।

**परिकल्पना क्र. 1**

शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयो मे अध्ययनरत किशोरवयीन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य मे कोई सार्थक अंतर नहीं होगा

उपर्युक्त परिकल्पना का परीक्षण करने हेतु टी परीक्षण का प्रयोग किया गया हैं।

**तालिका क्र. 4.1**

**शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयो मे अध्ययनरत किशोरवयीन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य स्कोर की तुलना**

| क्र. | विद्यालय | विद्यार्थियों की संख्या (N) | मध्यमान (M) | मानक विचलन (D) | मुक्तांश (df) | टी मान (t) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शासकीय | 40 | 87.10 | 7.02 | 78 | 1.276 |
| 2. | अशासकीय | 40 | 85.10 | 7.00 | | |

सार्थक नहीं है।

0.01 सार्थकता स्तर पर t का सारणी मूल्य 2.64

0.05 सार्थकता स्तर पर t का सारणी मूल्य 1.99

तालिका क्रमांक 4.1 से स्पष्ट होता है कि, शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयो मे अध्ययनरत विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिये टी की गणना द्वारा प्राप्त मान 1.276 है। जो 0.01 सार्थकता स्तर पर 78 मुक्तांश के लिये सारणी मूल्य 2.64 है। इससे यह स्पष्ट होता है कि गणना मूल्य सारणी मूल्य से कम है। अतः 0.01 सार्थकता स्तर पर शून्य परिकल्पना को स्वीकृत किया जाता है। इसका अर्थ यह हुआ कि, शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों मे अध्ययनरत किशोरवयीन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य मे सार्थक अंतर नही है।

**परिकल्पना क्र. 2**

शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों मे अध्ययनरत किशोरवयीन विद्यार्थियों के समायोजन मे कोई सार्थक अंतर नही होगा।

उपर्युक्त परिकल्पना का परीक्षण करने हेतु टी परीक्षण का प्रयोग किया गया है।

**तालिका क्रमांक 4.2**

**शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयो मे अध्ययनरत किशोरवयीन विद्यार्थियों के समायोजन स्कोर की तुलना**

| क्र. | विद्यालय | विद्यार्थियों की संख्या (N) | मध्यमान (M) | मानक विचलन (SD) | मुक्तांश (df) | टी मान (t) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शासकीय | 40 | 53.20 | 8.22 | 78 | 2.021 |
| 2. | अशासकीय | 40 | 49.28 | 9.12 | | |

सार्थक नहीं है।

0.01 सार्थकता स्तर पर t का सारणी मूल्य 2.61

0.05 सार्थकता स्तर पर t का सारणी मूल्य 1.99

तालिका क्रमांक 4.2 से स्पष्ट होता है कि, शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयो मे अध्ययनरत विद्यार्थियों के समायोजन के लिये टी की गणना द्वारा प्राप्त मान 2.021 है। जो 0.01 सार्थकता स्तर पर 78 मुक्तांश के लिये सारणी मूल्य 2.61 है। इससे यह स्पष्ट होता है कि गणना मूल्य सारणी मूल्य से कम है। अतः 0.01 सार्थकता स्तर पर

शून्य परिकल्पना को स्वीकृत किया जाता है। इसका अर्थ यह हुआ कि, शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों मे अध्ययनरत किशोरवयीन विद्यार्थियों के समायोजन मे सार्थक अंतर नही है।

**परिकल्पना क्र. 3**

शासकीय विद्यालयों मे अध्ययनरत किशोरवयीन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य तथा उनके समायोजन के मध्य कोई सार्थक सबंध नही होगा।

उपर्युक्त परिकल्पना का परीक्षण करने हेतु प्रोडक्ट मूमेन्ट मेथड सहसंबध विश्लेषण का प्रयोग किया गया है।

**तालिका क्र. 4.3**

**शासकीय विद्यालयों मे अध्ययनरत किशोरवयीन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य तथा समायोजन के मध्य सहसंबध गुणांक**

| चर | विद्यार्थियों की संख्या (N) | मुक्तांश (df) | सहसंबध गुणांक (r) |
|---|---|---|---|
| मानसिक स्वास्थ्य एवं समायोजन | 40 | 38 | 0.156 |

सार्थक नही है।

0.01 सार्थकता स्तर पर r का सारणी मूल्य 0.393

0.05 सार्थकता स्तर पर r का सारणी मूल्य 0.304

तालिका क्र 4.3 से स्पष्ट होता है कि, शासकीय विद्यालयों मे अध्ययनरत किशोरवयीन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं समायोजन के मध्य सहसंबध का गणना द्वारा प्राप्त मान 0.156 है, 38 मुक्तांश के लिए 0.01 सार्थकता स्तर पर सारणी मूल्य 0.393 है, इससे यह स्पष्ट होता है कि गणना द्वारा प्राप्त सहसंबध का मान सारणी मूल्य से कम है। अतः 0.01 सार्थकता स्तर पर शून्य परिकल्पना को स्वीकृत

किया जाता है। इसका अर्थ यह है कि, शासकीय विद्यालयो मे अध्ययनरत किशोरवयीन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं समायोजन के मध्य सार्थक सहसंबध नही है।

**परिकल्पना क्र. 4**

अशासकीय विद्यालयों मे अध्ययनरत किशोरवयीन विद्यार्थियो के मानसिक स्वास्थ्य तथा उनके समायोजन के मध्य कोई सार्थक सबंध नही होगा।

उपर्युक्त परिकल्पना का परीक्षण करने हेतु प्रोडक्ट मूमेन्ट मेथड सहसंबध विश्लेषण का प्रयोग किया गया है।

**तालिका क्र. 4.4**

**अशासकीय विद्यालयो मे अध्ययनरत किशोरवयीन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य तथा समायोजन के मध्य सहसंबध की तुलना**

| चर | विद्यार्थियों की संख्या (N) | मुक्तांश (df) | सहसंबध गुणांक (r) |
|---|---|---|---|
| मानसिक स्वास्थ्य एवं समायोजन | 40 | 38 | 0.500* |

सार्थक है।

0.01 सार्थकता स्तर पर r का सारणी मूल्य 0.393

0.05 सार्थकता स्तर पर r का सारणी मूल्य 0.304

तालिका क्र. 4.4 से स्पष्ट होता है कि, अशासकीय विद्यालयों मे अध्ययनरत किशोरवयीन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं समायोजन के मध्य सहसंबध का गणना द्वारा प्राप्त मान 0.500 है, 38 मुक्तांश के लिए 0.01 सार्थकता स्तर पर सारणी मूल्य 0.393 है, इससे यह स्पष्ट होता है कि गणना द्वारा प्राप्त सहसंबध का मान सारणी मूल्य से अधिक है। अतः 0.01 सार्थकता स्तर पर शून्य परिकल्पना को अस्वीकृत किया जाता है। इसका अर्थ यह है कि, अशासकीय विद्यालयों मे अध्ययनरत

किशोरवयीन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य तथा समायोजन के मध्य सार्थक सहसंबध है।

**परिकल्पना क्र. 5**

किशोरवयीन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं उनके समायोजन के बीच कोई सार्थक सम्बंध नहीं है।

उपर्युक्त परिकल्पना का परीक्षण करने हेतु प्रोडक्ट मूमेन्ट मेथड सहसंबध विश्लेषण का प्रयोग किया गया है।

**तालिका क्रमांक 4.5**

**किशोरवयीन विद्यार्थियो के मानसिक स्वास्थ्य एवं उनके समायोजन के मध्य सहसम्बन्ध गुणांक**

| चर | विद्यार्थियों की संख्या (N) | मुक्तांश (df) | सहसम्बंध गुणांक (r) |
|---|---|---|---|
| मानसिक स्वास्थ्य एवं समायोजन | 80 | 78 | 0.289* |

सार्थक है।

0.01 सार्थकता स्तर पर r का सारणी मूल्य 0.283

0.05 सार्थकता स्तर पर r का सारणी मूल्य 0.217

तालिका क्र. 4.5 से स्पष्ट होता है कि, अशासकीय विद्यालयों मे अध्ययनरत किशोरवयीन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं समायोजन के मध्य सहसंबध का गणना द्वारा प्राप्त मान 0.289 है, 38 मुक्तांश के लिए 0.01 सार्थकता स्तर पर सारणी मूल्य 0.283 है, इससे यह स्पष्ट होता है कि गणना द्वारा प्राप्त सहसंबध का मान सारणी मूल्य से अधिक है। अतः 0.01 सार्थकता स्तर पर शून्य परिकल्पना को अस्वीकृत किया जाता है। इससे स्पष्ट होता है, कि किशोरवयीन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं समायोजन के मध्य सार्थक सहसंबध है।

**परिकल्पना क्र. 6**

किशोरवयीन छात्र एवं छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य मे कोई सार्थक अंतर नही होगा।

उपर्युक्त परिकल्पना का परीक्षण करने हेतु टी परीक्षण का प्रयोग किया गया हैं।

**तालिका क्र. 4.6**

**किशोरवयीन छात्र एवं छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य स्कोर की तुलना**

| क्र. | चर | विद्यार्थियों की संख्या (N) | मध्यमान (M) | मानक विचलन (SD) | मुक्तांश (df) | टी मान (t) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | छात्र | 35 | 85.40 | 7.22 | 78 | .783 |
| 2. | छात्राएँ | 45 | 86.64 | 6.99 | | |

सार्थक नही है।

0.01 सार्थकता स्तर पर t का सारणी मूल्य 2.61

0.05 सार्थकता स्तर पर t का सारणी मूल्य 1.99

तालिका क्रमांक 4.6 से स्पष्ट होता है कि, किशोरवयीन छात्र एवं छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के लिये टी की गणना द्वारा प्राप्त मान 0.783 है जो 0.01 सार्थकता स्तर पर 78 मुक्तांश के लिये सारणी मूल्य 2.61 है। इससे यह स्पष्ट होता है कि गणना मूल्य सारणी मूल्य से कम है। अतः 0.01 सार्थकता स्तर पर शुन्य परिकल्पना को स्वीकृत किया जाता है। इसका अर्थ यह हुआ कि, किशोरवयीन छात्र एवं छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के मध्य कोई सार्थक अंतर नही है।

**परिकल्पना क्र. 7**

किशोरवयीन छात्र एवं छात्राओं के समायोजन मे कोई सार्थक अंतर नही होगा।

उपर्युक्त परिकल्पना का परीक्षण करने हेतु टी परीक्षण का प्रयोग किया गया हैं।

**तालिका क्र. 4.7**

**किशोरवयीन छात्र एवं छात्राओं के समायोजन स्कोर की तुलना**

| क्र. | चर | संख्या (N) | मध्यमान (M) | मानक विचलन (SD) | मुक्तांश (df) | टी मान (t) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | छात्र | 35 | 49.43 | 8.90 | 78 | 1.629 |
| 2. | छात्रा | 45 | 52.64 | 8.65 | | |

सार्थक नही है।

0.01 सार्थकता स्तर पर t का सारणी मूल्य 2.61

0.05 सार्थकता स्तर पर t का सारणी मूल्य 1.99

तालिका क्रमांक 4.7 से स्पष्ट होता है कि, किशोरवयीन छात्र एवं छात्राओं के समायोजन के लिये टी की गणना व्दारा प्राप्त मान 1.629 है। जो 0.01 सार्थकता स्तर पर 78 मुक्तांश के लिये सारणी मूल्य 2.61 है। इससे यह स्पष्ट होता है कि गणना मूल्य सारणी मूल्य से कम है। अतः 0.01 सार्थकता स्तर पर शून्य परिकल्पना को स्वीकृत किया जाता है। इसका अर्थ यह हुआ कि, किशोरवयीन छात्र एवं छात्राओं के समायोजन के मध्य कोई सार्थक अंतर नही है।